कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 11.08.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

कन्या महाविद्यालय में

# विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव ने आदिवासी क्रांतिकारी जननायकों के बलिदानों को स्मरण करते हुए उनके तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया। प्राचार्य महोदया ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि आदिवासी समृद्धशाली संस्कृति के मालिक हैं। वे पर्यावरण के संरक्षक हैं। देश के उत्थान में आदिवासी क्रांतिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान है। उनकी संस्कृति उनके योगदानों का साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से उल्लेख होना अत्यंत आवश्यक है। डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव ने कहा कि आज की संस्कृति में प्रकृति के संसाधनों का अधिक से अधिक दोहन कर पर्यावरण, जलवायु को क्षति पहुंचा रहे हैं। उसका परिणाम हमें विभिन्न बीमारियों एवं जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदा, विनाश के रूप में भुगतना पड़ रहा है। अतः आदिवासी संस्कृति से सबक लेते हुए प्रकृति, संस्कृति एवं पर्यावरण को बचाने हेतु संकल्प लेना चाहिए। डॉ0 जागृत ठाकुर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ में विश्व आदिवासी दिवस 09 अगस्त को आदिवासी समुदायों के अधिकारों के रक्षा उनकी संस्कृति, परम्परा, भाषा और शैली के संरक्षण के लिए मनाये जाने की घोषणा की साथ ही भारत के आदिवासी क्रांतिकारियों, जननायकों जैसे – वीरांगना रानी दुर्गावती, शहीद वीर नारायण सिंह, बिरसा मुण्डा के बलिदानों को स्मरण करने का दिवस है। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम आयुषी सिंह, द्वितीय कु0 हेमपुष्पा, तृतीय कु0 संतोषी तथा निबंध प्रतियोगिता में प्रथम हेमपुष्पा, द्वितीय वैदेही एवं कु0 श्वेता ठाकुर तृतीय स्थान पर रहीं। आदिवासी वेशभूषा में कु0 भावना, मुस्कान, ललिता, थामेश्वरी, लिकेश्वरी उपस्थित रही। कु0 कविता मालेकर, तृप्ति साहू ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 मुक्ता बाखला ने तथा आभार प्रदर्शन डॉ0 सुषमा यादव ने किया।

*टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन






